
गोरमी से भिंड तक पुष्पवर्षा

# बैंड-बाजे और आतिशबाजी से हुआ भव्य स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 8 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर भिंड जिले में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। गोरमी से लेकर भिंड शहर तक विभिन्न चौराहों और मार्गों पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने पुष्पमालाओं, पुष्पवर्षा, बैंड-बाजों और आतिशबाजी के साथ जोरदार अगवानी की।

कई स्थानों पर लोगों ने अपने घरों से पुष्प पंखुड़ियां उड़ाकर उनका अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल अपने काफिले के साथ मुरैना जिले से होते हुए बुधारापुल पहुंचे, जहां चंबल संभाग के संगठन प्रभारी अभय प्रताप सिंह यादव, जिला संगठन प्रभारी हमीर सिंह पटेल, सांसद संध्या राय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया सहित अनेक नेताओं ने पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष ने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद गोरमी में प्रवेश किया, वहां भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक, जय कुमार जैन, सुरेंद्र जैन, जयवीर पुरोहित एवं गोकुल सिंह परमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।

### मेहगांव, सोनारपुरा सहित कई स्थानों पर हुआ स्वागत

प्रदेश अध्यक्ष का काफिला गोरमी, सोनारपुरा, मेघपुर, सोनी, मेहगांव होते हुए जनपद कार्यालय, राठौर लॉज, कृषि उपज मंडी, गोरमी चौराहा, बरही और लवान की पुलिया तक पहुंचा। हर स्थान पर कार्यकर्ताओं ने बड़ी मालाओं, साफा, स्मृति चिन्ह एवं तलवार भेंट कर उनका अभिनंदन किया। अटेर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया के नेतृत्व में विरासत होटल पर भव्य स्वागत किया गया। वहीं विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में सूर्या होटल सहित अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

### महिला मोर्चा ने किया पारंपरिक स्वागत

संस्कृति गार्डन परिसर के बाहर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आभा जैन, सरोज जोशी, आरती पाठक एवं ज्योति बौहरे सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने रोली से तिलक कर प्रदेश अध्यक्ष का पारंपरिक स्वागत किया।

### शहर में जगह-जगह स्वागत द्वार

सुभाष चौराहा, बस स्टैंड, खंड रोड, अहिंसा चौक, परेड चौराहा सहित कई स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे। पूरे शहर को भाजपा के झंडों और पोस्टरों से सजाया गया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और आतिशबाजी के साथ अपने उत्साह का प्रदर्शन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। उनके आगमन से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### गोहद में भी हुआ भव्य स्वागत

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम गोहद आगमन पर अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जनसैलाब बना स्वागत का साक्षी

पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं का जनसैलाब देखने को मिला। कई स्थानों पर कार्यकर्ता जेसीबी मशीनों पर चढ़कर पुष्पवर्षा करते नजर आए। देर रात तक स्वागत का सिलसिला जारी रहा, जिसने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन ने यह स्पष्ट कर दिया कि भिंड जिले में भाजपा संगठन मजबूत, सक्रिय और एकजुट है। यह आयोजन संगठन की शक्ति, कार्यकर्ताओं की निष्ठा और जनसमर्थन का प्रतीक बन गया।

# बांस बल्ली छप्पर में लगी आग

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव,08अप्रैल।** घटना 30 मार्च की दरम्यानी रात 2 बजे के लगभग छप्पर में लगी आग से मेरे मवेशी जलने लगे उनको जलता हुआ देख मेने जल्दी जल्दी उनको आग से बचाने खूंटों से बंधे मवेशियों को खोलना शुरू किया तब तक भैंस पडिया 2 बकरा बुरी तरह से जल गये व मवेशियों को बचाने के चक्कर में मुझे भी आग ने बुरी तरह प्रभावित किया। आग से छप्पर जलने का कारण हमारे पड़ोसी आये दिन हमें धमकी देकर प्रताड़ित करते रहते थे एक दिन पहले उनके द्वारा ऐलानिया कहा गया कि तेरे छप्पर में आग लगा देंगे और दूसरे दिन रात को 2 बजे छप्पर में लगी आग से धूं धूं कर जलने लगा जिसमें मेरे पालतू पशुओं को आग से जलने के कारण मरणासन्न अवस्था में आ गये। घटना की जानकारी मुझ पीड़ित ने थाना मेहगांव पुलिस को लिखित आवेदन पत्र दिनांक 31/3/026 को अवगत कराते हुए सूचना दी उस दिन से आज तक पुलिस ने पीड़ित की सहायतार्थ आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की आरोपी आये दिन मुझे पीड़ित को धमकी दे रहे हैं। मुझ पीड़ित महावीर पुत्र तेजसिंह निवासी ग्राम गुलदावली ने एसडीओ पी मेहगांव को आवेदन देकर अवगत कराया तथा भिडं पुलिस अधीक्षक को दिनांक 6/4/026 को अपनी फरियाद सुनाई लेकिन उसके बाबजूद भी आज दिनांक तक आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की न ही फरियादी को सहायतार्थ कोई कार्यवाही की जबकि मुझ फरियादी ने आज थाना प्रभारी से मुलाकात कर अनुरोध किया तो थाना प्रभारी ने एक दो दिन में जांच करने का आश्वासन दिया है।

# शिक्षक संगठनों ने शासन के खिलाफ खोला मोर्चा



### पात्रता परीक्षा के विरोध में शिक्षकों का प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 8 अप्रैल।** प्रदेश में शिक्षकों को नियम विरुद्ध तरीके से पात्रता परीक्षा देने के लिए बाध्य किए जाने के विरोध में सभी शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों ने एकजुट होकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। इस आंदोलन के प्रथम चरण में 8 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपे गए। इसी क्रम में भिंड जिले में भी सभी ब्लॉकों से बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्रित हुए और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंपा। शिक्षकों ने एक स्वर में शासन के निर्णय का विरोध करते हुए इसे नियमों के विरुद्ध बताया। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने मांग की है कि पात्रता परीक्षा को रुकवाने के लिए शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए। साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा पात्रता परीक्षा आयोजित कराने के आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। शिक्षकों का कहना है कि किसी भी विभाग में नियुक्ति से पूर्व ही सेवा शर्तें तय होती हैं और उसी समय पात्रता परीक्षा ली जाती है। लेकिन वर्तमान में सरकार सेवा में कार्यरत शिक्षकों को पुन: परीक्षा देने के लिए बाध्य कर रही है, जो कि नियमों के विपरीत है। शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि पात्रता परीक्षा से ठीक पहले उन्हें जनगणना कार्य में लगाया गया है, जिससे वे परीक्षा की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। इसे शिक्षकों ने अनुचित और असंगत बताया।

शिक्षक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि शासन द्वारा यह आदेश वापस नहीं लिया गया, तो सभी शिक्षक एकजुट होकर जनगणना कार्य का विरोध करेंगे। आंदोलन के अगले चरण के तहत 14 अप्रैल को ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर विधायकों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। वहीं 18 अप्रैल को राजधानी भोपाल में धरना-प्रदर्शन आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। **सैकड़ों शिक्षक रहे उपस्थित:** इस दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रमुख रूप से राघवेंद्र कुशवाह, संतोष लहरिया, अशोक चौहान, शैलेन्द्र सेंगर, गगन शर्मा, अवनीश भदौरिया, श्याम सिंह भदौरिया, प्रवेंद्र शर्मा, जितेंद्र भदौरिया, रवींद्र चौहान, जानकी नंदन समाधियां, प्रमिला गुर्जर, दीपिका राजावत, बदन सिंह बघेल, कुशांकत परासर, हरिश्चंद्र दांतरे, निरंजन कंसाना, राजीव शर्मा, अवधेश तोमर, जितेंद्र चौहान, गगन भदौरिया, राजेश सिंह राजावत, दिनेश शर्मा, अमित खेमरिया सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। भिंड में शिक्षकों की इस एकजुटता ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वे अपने अधिकारों को लेकर गंभीर हैं और आवश्यक होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए तैयार हैं।



# एडीपीसी ने स्कूल का किया निरीक्षण

### कम उपस्थिति और गंदगी पर जताई नाराजगी

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,08अप्रैल।** जिले के एडीपीसी आकाश यादव ने बुधवार दोपहर लहार तहसील स्थित पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असवार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत स्थिति का अवलोकन कर स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीपीसी ने कक्षाओं में छात्रों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्राचार्य को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। आकाश यादव ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों को पढ़ाया और उनकी शैक्षणिक स्थिति का आकलन किया। साथ ही उन्होंने स्मार्ट क्लास का अवलोकन करते हुए प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को आधुनिक शिक्षा पद्धति की जानकारी दी। विद्यालय परिसर के भ्रमण के दौरान भवन में फैली गंदगी को लेकर एडीपीसी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने प्राचार्य को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द पूरे परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। एडीपीसी ने कहा कि विद्यालय में स्वच्छता और नियमित उपस्थिति दोनों ही शिक्षा की गुणवत्ता के लिए आवश्यक हैं। इन दोनों पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दौरान मयंक जायसवाल, नरेंद्र सिंह चौहान, प्राचार्य एच.एन. दीक्षित सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में डीडीआरसी संचालन को लेकर बैठक

### स्वयंसेवी संस्था को अधिकृत करने पर हुई चर्चा, अधिकारियों ने रखे सुझाव



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 8 अप्रैल।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी) के संचालन हेतु स्वयंसेवी संस्था को अधिकृत करने के उद्देश्य से जिला प्रबंधन दल की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिंड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड, डिप्टी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला रोजगार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं अशासकीय सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी सदस्यों को निर्देशित किया कि वे डीडीआरसी का नियमित रूप से मासिक निरीक्षण करें। यदि किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसके सुधार के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का सुचारू संचालन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### फिजियोथैरेपिस्ट की कमी पर लिया गया निर्णय

बैठक में यह मुद्दा सामने आया कि डीडीआरसी में फिजियोथैरेपिस्ट उपलब्ध न होने के कारण विशेष रूप से वृद्धजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए निर्णय लिया गया कि न्यूनतम दरों पर फिजियोथैरेपी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे वृद्धजनों एवं मरीजों को राहत मिल सके।

बैठक में यह भी तय किया गया कि डीडीआरसी के माध्यम से प्रदान की जाने वाली अन्य सुविधाएं भी सुलभ और किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे दिव्यांगजनों, वृद्धों और अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को सस्ती एवं सुलभ चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

**सामाजिक दायित्व के रूप में सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर:** कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस केन्द्र को प्रभावी रूप से संचालित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि समाज के कमजोर वर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### पाटी जनपद पंचायत सीईओ पराग पंथी निलंबित

**बड़वानी.** इंदौर संभाग के आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने बड़वानी जिले की जनपद पंचायत पाटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पराग पंथी को कर्तव्य में लापरवाही और लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में निलंबित कर दिया है. आयुक्त कार्यालय के अनुसार यह कार्रवाई बड़वानी कलेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर की गई है. रिपोर्ट में पंथी पर सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों में रुचि नहीं लेने और प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए हैं.

### 78 लाख से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

**भोपाल.** मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ कारोबार के विरुद्ध अपनी कार्रवाई तेज करते हुए विभिन्न जिलों में समन्वित अभियान चलाया है. बीते दो दिनों में 78 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ और संबंधित संपत्ति जब्त की गई है, जो तस्करी पर अंकुश लगाने के सतत प्रयासों को दर्शाता है. मंदसौर के नारायणगढ़ थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय तस्कर को पकड़कर आयशर वाहन से 10 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है. श्योपुर पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 32 किलोग्राम गांजा, एक वाहन और मोबाइल फोन जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया.

# गैस एजेंसी बंद, दूसरी एजेंसियों से सिलेंडर लेने जाना पड़ रहा 25 किमी दूर

**नवभारत न्यूज**
**गोहद,08अप्रैल।** गोहद की एक मात्र सीताराम गैस एजेंसी जो कि काफी समय से बंद है कंपनी द्वारा उनके गैस कनेक्शन अन्य दूसरी एजेंसियों बलराम भारत गैस मौजीपुरा एवं कोलेश्वर भारत गैस कोलुआ जिला मुरैना, ओमश्री भारत गैस परसेन, राधाकिशन सिरसौद जिला ग्वालियर, रामजानकी डीरोली पार दतिया जिला पर स्थानांतरित कर जिसके उपभोक्ताओं के सिलेंडर लेने के लिए गोहद से 25 से 50 km की दूरी पर उपभोक्ताओ को सिलेंडर लेने के लिए बहुत दूर जाना पड रहा है जिससे समय भी ख़राब होता है गैस कंपनी की गाइड लाइन के अनुसार एलपीजी गैस गोदाम से ग्राहक द्वारा सीधे सिलेंडर लेने पर छूट जो लगभग 20-25 रुपये मिलती है वो इन गैस एजेंसियों द्वारा नहीं दी जा रही है वो सभी ग्राहको को होम डिलेवरी की सुविधा गैस एजेंसी संचालकों द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है और डिलेवरी का पूरा चार्ज लिया जा रहा है ये कानूनी तौर पर गलत है और अवैध भी है और संचालकों द्वारा गैस सिलेंडर गैस गोदाम से ही वितरित किए जा रहे हैं वही भारत गैस एजेंसी के सेल्स ऑफ़िसर से ग्राहकों ने बात की वो भी जानता की समस्या का हल नहीं निकाल पा रहे है जिससे सभी उपभोक्ताओ मे काफी नाराजगी है।



गोहद नगर की एक मात्र गैस एजेंसी लगभग 2 वर्ष से बंद है ग्राहक असमंजस की स्थिति में है की अब जाए तो कहाँ जाए गोहद से राधाकिशन गैस एजेंसी सिरसौद ग्वालियर की दूरी 50 किमी के लगभग है अगर गैस एजेंसी का कोई काम है तो ग्राहकों को 50 किमी दूर जाना पड़ेगा नगर के उपभोक्ता चाहते है बंद हुई कि सीताराम भारत गैस को पुन: चालू किया जाए ताकि ग्राहको को होम डिलेवरी की सुविधा मिल सके

### डिलेवरी का मैसेज, फिर भी सिलेंडर नहीं

31 मार्च क्लोजिंग की वजह से गैस एजेंसी वितरकों द्वारा सभी बुकिंग को ऑनलाइन डिलीवर कर दिया गया और उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिला कोलेश्वर भारत गैस एजेंसी ने भी ऐसा ही किया उनके गैस कनेक्शन 2-4-26 को राधा किसान सिरसौद एजेंसी पर स्थानांतरित कर दिए जबकि डिलेवरी का सिलेंडर कोलेश्वर भारत गैस कोलुआ के पास है और वो कह रहे है अब सिलेंडर राधाकिशन गैस एजेंसी से मिलेगा सिलेंडर की डिलेवरी के बाद 35-45 दिन में बुकिंग होगी। राधाकिशन भारत गैस ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के संचालक हेमंत जिनका मोबाइल नंबर हमेशा बंद रहता है संपर्क ना होने से ग्राहक परेशान है

### सीताराम भारत गैस एजेंसी के संचालक से हुई बात

सीताराम भारत गैस एजेंसी के संचालक डॉ आर के देशलहरा ने बताया की एजेंसी से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान हो गया है भारत पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों से बात हो गई है गैस एजेंसी का नवीनीकरण कर जल्द ही सीताराम भारत गैस एजेंसी पुन: चालू की जाएगी और सभी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी सीताराम भारत गैस एजेंसी के पुन: चालू होने पर सभी उपभोक्ताओं को गोहद मे ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।



# 25 लाख की लागत से होगा मुक्ति धाम का सौंदर्यीकरण

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,08अप्रैल।** मालनपुर नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में स्थित मुक्तिधाम का 25 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बुधवार को भूमि पूजन होकर इस परियोजना की शुरुआत की गई, इस परियोजना के तहत मुक्तिधाम में दो बड़े-बड़े आर सी सी के चबूतरे , मुक्तिधाम परिसर में मिट्टी का भराव करके वृक्षारोपण, बाउंड्री की टूट फूट, पलस्तर, आकर्षक गेट निर्माण, बैठने की उत्तम व्यवस्था आदि काम सम्मिलित है। वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद बीना जैन की मांग पर नगर परिषद द्वारा यह सौंदर्यीकरण कार्य करवाया जा रहा है, जिससे मुक्तिधाम की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को एक शांतिपूर्ण स्थान मिलेगा। बुधवार को परियोजना की शुरुआत भूमि पूजन करके की गई इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रायश्री मुकेश किरार, सीएमओ रेहान अली जैदी, सब इंजीनियर विजय श्री शर्मा, समाजसेवी रॉकी जैन पार्षद प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक 14, वरिष्ठ समाजसेवी नवाब सिंह पूर्व जनपद सदस्य, विनोद जैन आदि नगर परिषद के अधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिवस कृष्ण-सुदामा चरित्र की कथा का हुआ वर्णन



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव,08अप्रैल।** मेहगांव नगर में त्यागी बाग पचैरा रोड, दैपुरिया कॉलेज के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस की कथा में भागवत जी का महात्म्य बताते हुए कथा वाचक भागवत रत्न व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य पं. विमलकृष्ण पाठक जी ने कथा के सातवें दिवस, बुधवार को सुदामा चरित्र व सुखदेव विदाई का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा।उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया।

भगवताचार्य जी ने बताया कि भागवत में बताए उपदेशों और उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है।

श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान परीक्षित श्रीमती अनचाई देवी राकेश त्यागी ठेकेदार निवासी मेहगांव के द्वारा कराई जा रही है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करने आते है वहीं सभी भक्तों के लिए प्रतिदिन भंडारा प्रसादी की भी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा कराई जा रही हे।

आज की कथा मे मुख्य रूप से धूलेश्वर महाराज प्रज्ञा नंद महाराज रमन गिरी महाराज चपटिया जी महाराज रोमित कुमार विधायक विहार आशीष अग्रवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी अर्जुन बृजेंद्र सिंह यादव विधायक पुत्र मुंगावली कुलदीप चतुर्वेदी जिला मंत्री ग्वालियर अवधेश प्रकाश सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य केसी त्यागी मॉर्निंग स्टार स्कूल के संचालक परमानंद उर्फ बंटी त्यागी ग्वालियर हृदेश बंटी त्यागी कांग्रेस नेता बृजकिशोर मुदगल आदि लोगों ने भी अमृतमय भागवत कथा का रसपान किया।

### आज हवन पूजन के साथ होगा विशाल भंडारा, लाखों भक्तों के लिये बनेगा भंडारा प्रसादी

पिछले आठ दिनों से चल रही श्रीमद भागवत कथा का आज विश्राम दिवस है। वहीं लगातार आठ दिनों से चल रही कथा के पश्चात आज हवन पूजन के साथ विशाल भंडारा दोपहर 12 बजे के बाद प्रारम्भ हो जायेगा जिसमें मेहगांव क्षेत्र के साथ ही आस पास के जिलों ग्वालियर, दतिया, मुरैना, धौलपुर सहित देश प्रदेश से भारी संख्या में भक्त पहुंचेंगे। इस विशाल भंडारे का आयोजन कथा के परीक्षित, त्यागी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश त्यागी के द्वारा किया जा रहा है भागवत कथा के परीक्षित राकेश त्यागी ठेकेदार ने सभी श्रद्धालुओं से भागवत कथा के भंडारे में शामिल होकर प्रसाद लेने के लिए आमंत्रित किया है।

### खेत की आग में झुलसकर वृद्ध किसान की मौत

**सतना.** जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र के बकोटा गांव में अरहर के खेत में लगी आग बुझाने के प्रयास में एक वृद्ध किसान की जलकर मौत हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार दोपहर खेत में अचानक आग लग गई, जिसे बुझाने के दौरान 80 वर्षीय मुरलिया यादव आग की चपेट में आ गए.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (CITY EAST) DIVISION
Roshanighar, Campus Gwalior (M.P.), E-mail : Dgmeast07@gmail.com
No. DGM/EAST/2026-27/110 Gwalior, Dated : 08.04.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

M.P.M.K.V.V.Co.Ltd, hereby invites e-tender for hiring the below mention type of vehicles in the following Location.

| Name of Unit/ Office | Particulars | Tender Fee (Rs) | Date of Opening of Bids Online |
| --- | --- | --- | --- |
| OFFICE OF THE MAHARAJPURA ZONE Under DGM (City East) Division Gwalior. | Type-F2, Mini Pickup Double Cabin with ladder any Low-End SUV half open from backside for carriage of man materials ladder, etc or equivalent, (Year-2026) | 500/- + GST @18% Extra | 16.04.2026 at 15:00 hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website: **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/125272/2026 **DGM (EAST CITY)**